□□□□□ □□□ □□□□ □□□□

□□□□□□ **12.11.2023**

**पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोदय के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध नियंत्रण व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के दौरान विगत 24 घंटे में जनपद के विभिन्न थानों द्वारा निम्न कार्यवाही की गयीः-**

**पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री गणेश प्रसाद साहा द्वारा थाना चन्दनचौकी, थाना मझगई, थाना पलिया व थाना शारदानगर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया**

आज दिनांक 12.11.2023 को पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री गणेश प्रसाद साहा द्वारा थाना चन्दनचौकी, थाना मझगई, थाना पलिया व थाना शारदानगर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान सम्पूर्ण थाना परिसर का भ्रमण कर थाना कार्यालय, मालखाना, हवालात, मेस, बैरक, कम्प्यूटर कक्ष आदि का निरीक्षण कर रजिस्टर्स/अभिलेखों के व्यवस्थित रख-रखाव तथा उन्हें अद्यावधिक रखने हेतु निर्देशित किया गया। मालखाने में माल मुकदमाती के व्यवस्थित रख-रखाव तथा नियमानुसार माल का विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु निर्देश दिए गए। जनसुनवाई से सम्बन्धित शिकायती प्रार्थना पत्र के निस्तारण की समीक्षा की गई व महिला हेल्प डेस्क की समीक्षा करते हुए महिला पुलिस कर्मियों को फरियादियों से अच्छे व्यवहार करने व उनकी समस्याओं को सुनकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु दिशा-निर्देश दिए गए । साथ ही त्योहारों के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण करके त्योहारों के दौरान सतर्कता बरतने एवं भ्रमणशील रहकर सतर्क दृष्टि रखने हेतु निर्देशित किया गया। त्योहारों को लेकर भीड़-भाड़ के दृष्टिगत सुचारू यातायात व्यवस्था हेतु भी प्रभावी योजना बनाकर कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही किसी भी प्रकार की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल मौके पर पहुंचकर अपेक्षित कार्यवाही अमल में लाने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त अपराध की रोकथाम व अपराधियों के विरुद्ध कार्यवाही के दृष्टिगत नियमित रूप से प्रभावी गस्त करने के निर्देश दिए गए।

**<u>पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी द्वारा चन्दनचौकी के थारु जनजाति के बच्चों व बुजुर्गों के बीच उपस्थित रहकर फल, मिठाइयाँ, मोमबत्ती आदि  वितरित कर उन्हें स्नेह सहित दीपावली की शुभकामनाएं दी गई</u>**

आज दिनांक 12.11.2023 को दीपावली त्यौहार के शुभ अवसर पर पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री गणेश प्रसाद साहा द्वारा चन्दनचौकी में थारुजनजाति के बच्चों व बुजुर्गों के बीच उपस्थित रहकर फल, मिठाइयाँ, मोमबत्ती आदि वितरित करते हुए इन्हें दीपावली की शुभकामनाएं दी गई। पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी की इस सहृदयता से बच्चे काफी प्रसन्न दिखे तथा बेशहारा बुजुर्गों का ढेरों आशीर्वाद प्राप्त हुआ। बच्चों को मिष्ठान, फल व चॉक्लेट वितरित कर सभी को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दी गई।

**<u>पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री गणेश प्रसाद साहा द्वारा थाना चन्दन चौकी क्षेत्रांतर्गत कवच चैक पोस्ट एवं नेपाल बॉडर का निरीक्षण किया गया</u>**

आज दिनांक 12.11.2023 को पुलिस अधीक्षक महोदय, श्री गणेश प्रसाद साहा द्वारा थाना चन्दन चौकी क्षेत्रांतर्गत कवच चैक पोस्ट एवं नेपाल बॉर्डर का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। इस दौरान बार्डर पर आने जाने वाले व्यक्तियों से स्वयं भी पूछताछ करते हुए पहचान-पत्र चेक किये गए तथा भारत नेपाल राष्ट्र की सीमा पर विशेष चौकसी बरतने के संबंध में महोदय द्वारा कड़े निर्देश देते हुए लगातार कार्यवाही करने के संबंध में निर्देशित किया गया।

**<u>थाना पसगवाँ पुलिस द्वारा, जुआ खेलते हुए 03 नफर अभियुक्तों को ताश के पत्ते व कुल 18,00/- रुपये बरामद करके गिरफ्तार किया गया</u>**

पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निकट पर्यवेक्षण में संपूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व अवैध क्रिया-कलापों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 12.11.2023 को थाना पसगवाँ पुलिस द्वारा 03 नफर अभियुक्तों को जुआ खेलते हुए गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से 52 ताश के पत्ते व कुल 18,00/- रुपये बरामद किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना पसगवाँ पर मु0अ0सं0 359/2023 धारा 13 जुआ अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण:-</u>**

1. संजीव पुत्र दरवारी निवासी ग्राम मस्तीपुर थाना पसगवां जनपद खीरी
2. रघुनाथ पुत्र डोरीलाल निवासी ग्राम मस्तीपुर थाना पसगवां जनपद खीरी
3. प्रेमचन्द्र पुत्र रामगोपाल निवासी ग्राम मस्तीपुर थाना पसगवां जनपद खीरी

**<u>बरामदगीः-</u>**

52 ताश के पत्ते  व 18,00/- रु0

**<u>गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम:-</u>**

1. उ0नि0 श्री हेमन्त कटियार चौकी प्रभारी जे0बी0गंज थाना पसगवां जनपद खीरी
2. हे0का0 गेन्दनलाल थाना पसगवां जनपद खीरी
3. का0 अंकित हुड्डा थाना पसगवां जनपद खीरी
4. का0 मयंक वर्मा थाना पसगवां जनपद खीरी
5. का0 संदीप तेवतिया थाना पसगवां जनपद खीरी

# थाना गोला पुलिस द्वारा, 01 नफर वांछित अभियुक्त व एक बाल अपचारी अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया

पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निकट पर्यवेक्षण में संपूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना गोला पुलिस द्वारा दिनांक 11.11.2023 को मु0अ0सं0 672/2023 धारा 384/506/354(ग) भादवि व 7/8 पॉक्सो एक्ट व 66 E IT ACT में वांछित अभियुक्त नरेन्द्र कुमार उर्फ सत्या सिंह पुत्र श्यामसुन्दर नि0 ग्राम मूडिया थाना गोला खीरी के कब्जे से एक अदद मोबाईल फोन व एक बाल अपचारी के कब्जे से घटना मे प्रयुक्त एक अदद मोबाईल फोन बरामद कर दतेली बाइपास के पास से गिरफ्तार कर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण-**

1. नरेन्द्र कुमार उर्फ सत्या सिंह पुत्र श्यामसुन्दर नि0 ग्राम मूडिया थाना गोला जनपद खीरी
2. बालअपचारी

**बरामदगी**

घटना मे प्रयुक्त 02 अदद मोबाइल फोन

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम:-**

1. निरीक्षक राहुल कुमार
2. का0 मोनू कुमार
3. का0 चाहत शर्मा

**<u>थाना पढुआ पुलिस द्वारा, जुआ खेलते हुए 03 नफर अभियुक्तों को ताश के पत्ते व कुल 8500/- रुपये बरामद करके गिरफ्तार किया गया</u>**

पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निकट पर्यवेक्षण में संपूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व अवैध क्रिया-कलापों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 12.11.2023 को थाना पढुआ पुलिस द्वारा 03 नफर अभियुक्तों को जुआ खेलते हुए गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से 52 ताश के पत्ते व कुल 8500/- रुपये बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना पढुआ पर मु0अ0सं0 180/2023 धारा 13 जुआ अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्तो का विवरण -</u>**
1.लवकुश पुत्र जगदम्बा निवासी ग्राम ढखेरवा थाना पढुआ जिला खीरी
2. रामसेवक पुत्र राम चन्द्र निवासी ग्राम ढखेरवा थाना पढुआ जिला खीरी
3. दिनेश पुत्र रामनरेश निवासी ग्राम ढखेरवा थाना पढुआ जिला खीरी

**<u>बरामदगी विवरण–</u>**
52 अदद ताश के पत्ते व 8,500/-रुपये

**<u>गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –</u>**
1. उ0नि0 गौरव सिंह (चौकी प्रभारी ढखेरवा) थाना पढुआ
2. हे0का0 राजबहादुर थाना पढुआ
3. हे0का0 रामू सिंह थाना पढुआ
4. का0 प्रेम किशोर थाना पढुआ

**<u>थाना फरधान पुलिस द्वारा, जुआ खेलते हुए 03 नफर अभियुक्तों को ताश के पत्ते व कुल 1980/- रुपये बरामद करके गिरफ्तार किया गया</u>**

पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निकट पर्यवेक्षण में संपूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व अवैध क्रिया-कलापों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 12.11.2023 को थाना फरधान पुलिस द्वारा 03 नफर अभियुक्तों को जुआ खेलते हुए गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से 52 ताश के पत्ते व कुल 1980/- रुपये बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना पढुआ पर मु0अ0सं0 521/2023 धारा 13 जुआ अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्तो का विवरण -</u>**

1. कौशल किशोर पुत्र देशराज नि0ग्राम लोनपुरवा थाना फरधान जिला खीरी
2. बीरू पुत्र सुशील नि0ग्राम लोनपुरवा थाना फरधान जिला खीरी
3. रवि पुत्र गंगाराम नि0ग्राम लोनपुरवा थाना फरधान जिला खीरी

**<u>बरामदगी विवरण–</u>**

52 अदद ताश के पत्ते व 1980/-रुपये

**<u>गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –</u>**

1. उ0नि0 राजेन्द्र कुमार तिवारी
2. हे0का0 कुमार गौरव शर्मा
3. का0 रिंकूपाल

**<u>थाना पसगवां पुलिस द्वारा, जुआ खेलते हुए 03 नफर अभियुक्तों को ताश के पत्ते व कुल 1800/- रुपये बरामद करके गिरफ्तार किया गया</u>**

पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निकट पर्यवेक्षण में संपूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व अवैध क्रिया-कलापों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 12.11.2023 को थाना पसगवां पुलिस द्वारा 03 नफर अभियुक्तों को मोबाइल टॉवर के पास ग्राम मस्तीपुर थाना पसगवां से जुआ खेलते हुए गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से 52 ताश के पत्ते व कुल 1800/- रुपये बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना पसगवां पर मु0अ0सं0 359/2023 धारा 13 जुआ अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्तो का विवरण -</u>**
1.संजीव कुमार पुत्र दरवारी निवासी ग्राम मस्तीपुर थाना पसगवां जनपद खीरी
2. रघुनाथ पुत्र डोरीलाल निवासी ग्राम मस्तीपुर थाना पसगवां जनपद खीरी
3. प्रेमचन्द्र पुत्र रामगोपाल निवासी ग्राम मस्तीपुर थाना पसगवां जनपद खीरी

**<u>बरामदगी विवरण–</u>**
52 अदद ताश के पत्ते व 1,800/-रुपये

**<u>गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –</u>**
1. उ0नि0 हेमन्त कटियार चौकी प्रभारी जे0पी0गंज थाना पसगवां
2. हे0का0 गेन्दनलाल थाना पसगवां
3. का0 अंकित हुड्डा थाना पसगवां
4. का0 मंयक वर्मा थाना पसगवां
5. का0 संदीप तेवतिया थाना पसगवां

## थाना ईसानगर पुलिस द्वारा, 02 अदद अवैध चाकू बरामद कर 02 नफर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया

पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निकट पर्यवेक्षण में संपूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व अवैध शस्त्रों के निर्माण, बिक्री व परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना ईसानगर पुलिस द्वारा 02 नफर अभियुक्तों इश्तियाक अहमद पुत्र नसीर अहमद व मोहम्मद जैद पुत्र मोहम्मद अबरार नि0गण मिर्जापुर थाना ईसानगर जनपद खीरी को 02 अदद अवैध चाकू बरामद कर गिरफ्तार किया गया, जिसके संबंध में थाना ईसानगर पर मु0अ0सं0 449/23 व 450/23 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गई।

## वांछित अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही का विवरण

1-थाना कोतवाली सदर पुलिस द्वारा, मु0अ0सं0 1094/23 धारा 366 भादवि में वांछित अभियुक्त जहीर पुत्र दुब्बा नि0 चन्दपुरा थाना कोतवाली सदर जनपद खीरी व मु0अ0सं0 924/23 धारा 457/380 भादवि में वांछित अभियुक्त मोहित पुत्र जगतपाल नि0 रामापुर थाना कोतवाली सदर जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया।

2-थाना खमरिया पुलिस द्वारा, मु0अ0सं0 241/23 धारा 376/323/504/506 भादवि में वांछित अभियुक्त 01 नफर बाल अपचारी को गिरफ्तार किया गया।

3-थाना गोला पुलिस द्वारा, मु0अ0सं0 672/23 धारा 384/506/354 भादवि व 7/8 पॉक्सो एक्ट व 66 आईटी एक्ट में वांछित 02 नफर अभियुक्तों नरेन्द्र उर्फ सत्य सिंह पुत्र श्यामसुन्दर नि0 मुड़िया थाना गोला जनपद खीरी व 01 नफर बाल अपचारी को गिरफ्तार किया गया।

## अवैध शराब के विरूद्ध कार्यवाही; विगत 24 घंटे में 61 लीटर अवैध शराब बरामद कर 07 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया

पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निकट पर्यवेक्षण में जनपद खीरी में अवैध शराब के निष्कर्षण, बिक्री व परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत विगत 24 घंटों में जनपद खीरी के विभिन्न थानों द्वारा कार्यवाही करते हुए **61 लीटर अवैध कच्ची शराब व 01 शराब बनाने के उपकरण** बरामद कर **07 अभियुक्तों** को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम के अंतर्गत **06 अभियोग** पंजीकृत किए गए।